Ministry of Education

Minister

315 Front Street West
Toronto ON M7A 0B8

Ministère de l'Éducation

Ministre

315, rue Front Ouest
Toronto ON M7A 0B8

Ontario

प्रिय माता-पिता,

लगभग एक पीढ़ी की अवधि में पहली बार हमारी सरकार ने सभी शिक्षक संघों के साथ समझौतों पर सफलतापूर्वक बातचीत की है और स्कूलों में हड़तालों को दूर दिया है। इसके माध्यम से हम कक्षाओं में स्थिरता लाने और बच्चों को कक्षा में ही रखने के लिए माता-पिता को दिया गया अपना वादा पूरा कर पाए हैं।

अब चूंकि बच्चों को निर्बाध तरीके से तीन और सालों तक सीखने का लाभ मिला है, तो मैंने आपमें से कई माता-पिताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों की ओर से समान रूप से इस बारे में चिंताएँ सुनी हैं कि स्कूलों में युवाओं द्वारा वेपिंग और सेलफोन के लगातार उपयोग के कारण कक्षा में सीखने से ध्यान भटकने में खतरनाक बढ़ौत्तरी हुई है।

यही कारण है कि हम इन खतरों का सामना करने के लिए कनाडा की सबसे व्यापक योजना शुरू कर रहे हैं।

हमारे स्कूलों में ध्यान भटकने की संभावना को कम करने में सहायता के लिए इस साल सितंबर से हम अध्यापन के समय सेलफोन का उपयोग प्रतिबंधित कर रहे हैं, ताकि विद्यार्थी मूल बातें सीखने पर ध्यान केंद्रित कर सकें और पठन, लेखन व गणित जैसी आमूल कुशलताएँ सीख सकें।

किंडरगार्टन से लेकर कक्षा 6 के हमारे सबसे कम उम्र के जिन शिक्षार्थियों के पास फोन हो सकते हैं, उन्हें अब पूरे दिन-भर के लिए फोनों को साइलेंट मोड पर और नज़र से बाहर रखना होगा।

कक्षा 7 से लेकर 12 के विद्यार्थियों के पास फोन हो सकते हैं, लेकिन अध्यापन की अवधि में इनकी अनुमति केवल तभी दी जाएगी, यदि शिक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से स्वीकृति दी गई हो।

हम कक्षा में विद्यार्थियों के ध्यान भटकने के स्तरों के बारे में रिपोर्ट कार्ड्स में टिप्पणियां शामिल करने के लिए भी प्रतिबद्ध होंगे। हम यह समझते हैं कि कुछ माता-पिता स्कूल के दौरान अपने बच्चों के साथ संचार करना चाहते हैं, और ऊपर सूचीबद्ध नीतियों के तहत अध्यापन के समय या शिक्षक द्वारा स्वीकृति दिए जाने पर इसकी अनुमति होगी।

जब सेलफोन की बात आती है, तो ओंटारियो की नीति है: नज़र से बाहर और दिमाग से बाहर।

हम व्यक्तिगत संबंधों, संचार और सामाजिक-भावनात्मक कुशलताओं को मजबूत बनाने में सहायता के लिए सभी स्कूली नेटवर्कों और डिवाइसेज़ से सोशल मीडिया वेबसाइटों को हटा भी रहे हैं।

हमने स्कूलों में एक सख्त एंटी-वेपिंग नीति भी घोषित की है, जिसके तहत माता-पिता को तुरंत सूचित किया जाएगा और किसी विद्यार्थी के पास पाए गए वेप्स को तुरंत उनसे लेकर वेप्स का निपटान कर Oदिया जाएगा। जिन विद्यार्थियों के पास अवैध पदार्थ पाए जाते हैं, उनके लिए तत्काल परिणाम होंगे, और शिक्षा, रोकथाम व प्रवर्तन के समर्थन के लिए आवश्यकतानुसार जनस्वास्थ्य इकाइयों को संलग्न भी किया जा सकता है। हम स्कूलों को वेप डिटेक्टर्स इंस्टॉल करने के लिए निधीकरण भी उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि वे इन नए नियमों को बेहतर तरीके से लागू कर सकें।

हम विद्यार्थियों को सीखने, व्यसन के व्यवहार और लागूकरण में समर्थन देने के लिए रैप-एराउंड समर्थन को भी बढ़ा रहे हैं, और साथ ही शिक्षकों के लिए समर्पित प्रशिक्षण एवं माता-पिता को इस बारे में समर्थन प्रदान कर रहे हैं कि इस परिवर्तन को सबसे बेहतरीन तरीके से कैसे प्रबंधित किया जा सके। मैं आपको अपडेट की गई प्रांतीय आचार संहिता पढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित करता हूँ, जिसमें इन परिवर्तनों को रेखांकित किया गया है।

नीति चाहे कितनी भी मजबूत हो, हम यह अकेले नहीं कर सकते हैं।

अब चूंकि हम सितंबर की ओर आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए हम व्यवहार को वास्तव में बदलने के लिए इस बारे में आपके समर्थन और सहयोग की मांग कर रहे हैं कि आप नई उम्मीदों और स्कूल के कर्मियों व नियमों का सम्मान करने के महत्व के बारे में घर पर बातचीत करें।

परिवर्तन तब आएगा जब हम सभी एक-साथ काम करेंगे और शिक्षकों, प्रधानाचार्यों व शिक्षणकर्मियों द्वारा इन उपायों को लागू करते समय उनके साथ खड़े होंगे। आपका सहयोग यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि विद्यार्थी आमूल बातें सीख सकें, अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें और कल की नौकरियों के लिए तैयार बन सकें।

इसके माध्यम से हम व्यावहारिक बोध को फिर से वापिस ला रहे हैं, जिसमें अकादमिक उपलब्धि और आपके बच्चे/बच्ची की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित बना हुआ है।

धन्यवाद,

माननीय स्टीफन लेसी
शिक्षा मंत्री